PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

09-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**09th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 9 नवंबर 2019

## 1. भारतीय प्रधानमंत्री आज करेगें करतारपुर गलियारे की समन्वित चौकी का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पंजाब में करतारपुर गलियारे की समन्वित चौकी का उद्घाटन करेगें।
- यह गलियारा भारत के पंजाब में स्थित **गुरूदासपुर डेरा बाबा को करतारपुर साहिब पंजाब,** पाकिस्तान स्थित गुरूद्वारे से जोड़ेगा।
- इस गलियारे का उद्घाटन गुरूनानक देव जी की 550 वीं जयंति के उपलक्ष में किया जा रहा है।
- हाल ही में नई दिल्ली में गुरूनानक देव जी के जीवन से जुड़े लघु चित्रों की प्रदर्शनी **'जनमसखी'** का भी आयोजन किया गया था।
- इस प्रदर्शनी में गुरूनानक देव जी के जीवन के विभिन्न चरणों को 100 लघु चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

## 2. मातृ मृत्यु दर (MMR) में पिछले एक साल में 8 अंक की गिरावट

- रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा हाल ही में जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक साल में मातृ मृत्यु दर में 8 अंक की गिरावट आयी है।
- इस तथ्य की महत्ता इस बात में है कि पिछले साल 2000 अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं की जान बचायी गयी है।
- मातृ मृत्यु दर जो कि 2014–2016 में 130 प्रति 1 लाख जीवित जन्म पर थी वह 2015–2017 में 122 प्रति 1 लाख जीवित जन्म पर आ गई। अर्थात इसमें 6.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।
- यदि यही स्थिति जारी रहती है तो भारत मातृ मृत्यु दर के मामले में उन सतत् विकास लक्ष्यों **(SDGs)** को 2025 में ही हासिल कर लेगा जिनके लिए समय सीमा 2030 निर्धारित की गई थी।

## 3. भारतीय रेलवे ने तीन नये एप लॉन्च किये

भारतीय रेलवे के द्वारा तीन नये एप का शुभारंभ किया गया है–

- **सी.आर.एस (CRS) सेंक्शन मैनेजमैंट सिस्टम**– यह रेलवे संपत्ति के निर्माण, रखरखाव और उन्नयन से संबधित एप है।
- **जी.ए.डी (GAD) अप्रुवल सिस्टम–** इस एप के द्वारा रेलवे क्रासिंग, ब्रिज और अंडर पास आदि बनाने के लिए प्रोजैक्ट के अनुमोदन में समय की बचत होगी और कार्य का निष्पादन शीघ्रता से किया जा सकेगा।
- **टी. एम. एस (TMS) फॉर कंस्ट्रक्शन**– इसका उपयोग नई रेलवे संपत्ति के निर्माण करने वाले निर्माता संगठन के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## 4. भारतीय विदेश मंत्री एस जय शंकर तीन दिन की नीदरलैंड यात्रा पर

- भारत के विदेश मंत्री एस जय शंकर आज तीन दिन की नीदरलैंड यात्रा पर जाएगें।
- इस यात्रा के दौरान दोनो देशों के बीच साझा हित के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता होगी।
- ज्ञातव्य है कि भारत और नीदरलैंड के मध्य 400 वर्षो से भी अधिक पुराने मैत्री संबध है। साथ ही बहुत से मामलों में दोनों देशों के आपसी हित समान है।
- नीदरलैंड की राजधानी **एम्सटर्डम** और मुद्रा **यूरो** है।

## 5. अयोध्या मामले पर फैसला आज

- उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संविधान बैंच अयोध्या मामले पर आज फैसला सुनाएगी।
- इस पीठ के अन्य सदस्य जस्टिस एस. ए. बोबडे, डी. वाई. चन्द्रचूड़, अशोक भूषण और एस. अब्दुल नजीर हैं।
- पीठ ने 40 दिन की सुनवाई के बाद 16 अक्टूबर 2019 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

- पूर्व में गुरू एस. रविशंकर, पूर्व न्यायाधीश एफ. एम. आई कलीफुल्ला और वरिष्ठ न्यायाधीश श्री राम पंचू के द्वारा मध्यस्थता के लिए समिति बनाई गई गई थी। जो अन्ततः निरर्थक साबित हुई।
- ज्ञातव्य है कि इस मामले पर 2010 में प्रयागराज उच्च न्यायालय द्वारा फैसला सुनाया गया था। जिसके अंतर्गत सुन्नी वक्फ़ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला जन्म भूमि के लिए जमीन का आवंटन समान अनुपात में किया गया था।
- इस फैसले से विभिन्न समुदाय असंतुष्ट थे। अतः उन्होने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## 6. 'टाइगर ट्राईंफ' – भारत और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास

- भारत और अमेरिकी सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'टाइगर ट्राईंफ' का आयोजन **आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम और काकीनाडा** में 13 नवंबर से किया जाएगा।
- यह अपनी तरह का **पहला त्रिसेवा**, संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में 1200 भारतीय और 500 अमेरिकी सैनिक, नौसैनिक और वायुसैनिक हिस्सा लेगें।
- यह अभ्यास 9 दिन तक चलेगा।
- इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में आतंकवाद निरोधक, मानवीय सहायता और आपदा राहत क्षमताओं से संबधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## 7. आर बी आई के द्वारा घरेलू आय सीमा में वृद्धि

- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने गैर बैकिंग वित्तीय संस्थानों **(NBFCs)** और सुक्ष्म वित्तीय संस्थानों **(MFCs)** से श्रृण लेने वालों के लिए घरेलू आय सीमा में वृद्धि कर दी है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू आय सीमा एक लाख से बढ़ाकर सवा लाख कर दी गई है।

- वहीं शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में यह सीमा 1.60 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रूपये कर दी गई है।
- इस निर्णय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए श्रृण व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

## 8. मीनाक्षी मंदिर में लड्डू का निशुल्क वितरण

- मदुरै, तमिलनाडु में स्थित मीनाक्षी मंदिर में प्रसाद के लड्डू का निशुल्क वितरण किया जाएगा।
- साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए इन लड्डुओं को मशीन के द्वारा बनाया जाएगा।
- **द्रविड़ शैली** में बने इस मंदिर का निर्माण 17 वीं शताब्दी में **पांड्य शासकों** के द्वारा करवाया गया था।
- यह मंदिर देवता **सुन्दरेश्वर अर्थात् शिव** और देवी **मीनाक्षी अर्थात् पार्वती** को समर्पित है।

## 9. नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन

- भारत 2020 में नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन का आयोजन करेगा।
- इस वर्ष अर्थात् 2019 में इस सम्मेलन की मेज़बानी मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के द्वारा की गई है।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर होने वाली टेरर फंडिग को रोकना और फाईनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स **(FATF)** के मानकों को लागू करना है।

## 10. 2023 पुरूष हॉकी विश्व कप का आयोजन भारत में

- भारत 2023 में पुरूष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा।
- भारत के द्वारा लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

- इसके साथ ही भारत ऐसा पहला देश बन गया है जिसके द्वारा पुरूष हॉकी विश्व कप का **4 बार** आयोजन किया गया हो।
- इससे पहले भारत 1982 में मुम्बई, 2010 में नई दिल्ली और 2018 में भुवनेश्वर, उड़ीसा में पुरूष हॉकी विश्व कप का आयोजन कर चुका है।
- ज्ञातव्य है कि भारत ने वर्ष 1975 में विश्व हॉकी कप का खिताब जीता था।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. पुरूष हॉकी विश्व कप 2023 का आयोजन किया जाएगा?

a. भारत

b. बांग्लादेश

c. चीन

d. संयुक्त राज्य अमेरिका

उत्तर– a

**2.** हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी **जनमसखी** निम्नलिखित में से किस संत को समर्पित थी?

a. कबीर

b. गुरूनानक देव

c. शंकराचार्य

d. चैतन्य महाप्रभु

उत्तर– b

**3.** नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन 2019 का आयोजन कहाँ किया गया?

a. ब्रिटेन

b. साऊदी अरब

c. ऑस्ट्रेलिया

d. अमेरिका

उत्तर– c

**4.** 'टाइगर ट्राईंफ' किन दो देशों के मध्य होने वाला सैन्य अभ्यास है?

a. भारत और चीन

b. भारत और रूस

c. भारत और अमेरिका

d. भारत और फ्रांस

उत्तर– c

**5.** आर बी आई के द्वारा गैर बैकिंग वित्तीय संस्थानों **(NBFCs)** और सुक्ष्म वित्तीय संस्थानों **(MFCs)** से श्रृण लेने वाले ग्रामीण व्यक्तियों के लिए घरेलू आय सीमा में कितनी वृद्धि कर दी गई है?

a. 1 लाख से 1.35 लाख

b. 1 लाख से 1.25 लाख

c. 1 लाख से 1.50 लाख

d. 1 लाख से 1.75 लाख

उत्तर– b

Read Daily Current Affairs 8 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 8 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 9 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com